# ग्राम पंचायतों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

## शिविर लगाकर योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही वितरित किए जा रहे योजनाओं के हितलाभ

रायसेन।

**प्रदेश के साथ ही रायसेन जिले में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। जिले में प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच रही है। इस दौरान संबंधी ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित कर शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही हितग्राहियों को योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए जा रहे हैं।**




रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा सांची विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सरचंपा और बांसखेडा में, उदयपुरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत रमखिरिया तथा किरगीकला में, सिलवानी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बेगवाकला तथा चिचोली में, बाड़ी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गोल, भारकच्छखुर्द, बगलवाड तथा सतरावन में, औबेदुल्लागंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पडोनिया तथा पोलाहा में, गैरतगंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पटी और कहडिया में तथा बेगमगंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत महगवा टप्पा तथा महुआखेडा कलां पहुंची। विकसित भारत संकल्प यात्रा के इन ग्रांम पंचायतों में पहुंचने पर आयोजित किए गए।

शिविरों के प्रारंभ में जनप्रतिनिधियों द्वारा आईईसी वैन (प्रचार रथों) का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके उपरांत शिविरों में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए गए। शिविरों में विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए गये।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमों के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आधार कार्ड अपग्रेड के लिए कैम्प आयोजित किए जा रहे है। खाद्य विभाग द्वारा उज्जवला योजना के नए पंजीयन, पशुपालक, मछुआरे के क्रेडिट कार्ड के लिए नए आवेदन लिए जा रहे है, जन धन जीवन ज्योति योजना के नए आवेदन, कृषि विभाग द्वारा केसीसी उन्नत कृषि यंत्र, पीएचई विभाग नल जल योजना, राजस्व विभाग द्वारा पीएम किसान निधि एवं स्वामित्व योजना के साथ अन्य योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा किसानों के समक्ष ड्रोन के माध्यम से खेतों में उर्वरकों के छिड़काव का भी प्रदर्शन किया जा रहा है।

# प्रत्येक गांव में आज से ग्राम गौरव दिवस मनाया जाएगा

विदिशा (निप्र)।

**प्राचीनकाल से ही ग्राम संगठित शक्ति का एक केंद्र विन्दु रहा है। प्रेम, सद्भाव, समरसता और सहकार ग्रामीण जीवन का मूल आधार है। गांव अपने इतिहास, परंपराओं और सुंदरता के लिये एक विशिष्ट पहचान रखता है।**

गांव की अपनी संस्कृति, धरोहर और विशिष्टताओं के प्रति गौरव की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेश के प्रत्येक गांव में ग्राम गौरव दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। यह ग्रामों की समृद्धि और उसके अभ्युदय का यह एक अभिनव उपक्रम है। ग्राम गौरव दिवस इस वर्ष 1 जनवरी से प्रत्येक गांव में मनाया जाएगा। इसके लिये प्रत्येक गांव के लिये एक कैलेंडर तैयार करेगा। इसके लिये प्रत्येक गाव अपने एक निश्चित दिवस जो गांव के महापुरुष, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अथवा राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध पुरुष, महिला के जन्म दिवस अथवा गाँव की परंपरा में किसी खास दिवस को ग्राम गौरव दिवस के रूप में मान्य किया जा सकता है।

ग्राम गौरव दिवस की पृष्ठभूमि, अवधारणा और उद्देश्य तथा कार्यक्रम के आयोजन हेतु तैयार की गई कार्ययोजना परिशिष्ट-एक पर ग्राम गौरव दिवस के लिये मुख्य रूप से गांव का इतिहास उसकी मूल विरासत से जुडी जानकारी, गांव के विभिन्न क्षेत्रों में सफ्ल व्यक्तियों की पहचान करना। कार्यक्रम को उत्साह एव आंनद योग्य बनाने के लिये कार्यक्रम के पूर्व पारम्परिक संगीत, खेल आदि के आयोजन तथा गांव के बुजुर्गो तथा विभिन्न क्षेत्रों में सफ्लता प्राप्त करने वाले व्यक्तियों का सम्मान और उनके विचार सुनना इत्यादि शामिल किये जाये। ग्राम गौरव दिवस के आयोजन के लिये प्रत्येक ग्राम में कार्यक्रम आयोजन के लिये एक तिथि का निर्धारण किया जाये, तिथि का निर्धारण ग्राम सभा में सर्वसम्मति से किया जायेगा।

## खास-खबरें

### सीईओ जिला पंचायत सत्यम ने पाँच टीबी मरीजों को फुड बास्केट प्रदान किए



**मंदसौर ।** सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम ने नि-क्षय मित्र बनकर मंदसौर शहर के 05 टी.बी. मरीजों को घर-घर जाकर फुड बास्केट प्रदान कर उनका स्वास्थ लाभ जाना । प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त किये जाने का संकल्प लिया गया है। इसी के संदर्भ में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान योजना अंतर्गत जिले के जनप्रतिनिधियों, कॉर्पोरेट सेक्टर, सामाजिक कार्यकर्ता, एनजीओ, सोसाईटी, समस्त शासकीय/अशासकीय कर्मचारी एवं आम जनता द्वारा नि-क्षय मित्र बनकर टी.बी. मरीजों को फुड बास्केट प्रदान करना है। कोई भी व्यक्ति नि-क्षय मित्र बनकर टीवी मरीजों को फूड बास्केट देकर उनके स्वास्थ्य लाभ में मदद कर सकते है।

### आयुष विभाग ने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटरों पर किया प्रशिक्षण का आयोजन

**विदिशा ( निप्र )।** आयुष मिशन द्वारा प्राप्त निर्देशों के परिपालन में जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर देवखजूरी, खमतला, मसूदपुर, पीकलोंन, पिपराहा, मुगलसराय व खड़ेर में आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आयुष योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रशिक्षण के उद्देश्य, आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के लक्ष्य, उपलब्ध सेवाओं, आयुष औषधीय का महत्व, आहार का महत्व, दिनचर्या, ॠतुचर्या एवं गर्भणी की मासानुमासिक परिचर्या की जानकारी आयुष के लिए उपयुक्त रेफ्रल की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में औषधिय पौधे की जानकारी और उपयोग घरेलू मसाले आदि का सामान्य बीमारियों में उपयोग, औषधिय पौधों को लगाने हेतु प्रोत्साहित करना, एचडब्ल्यूसी केंद्र मे उपलब्ध जांच सुविधा की जानकारी, योग एवं गर्भावस्था में किए जाने वाले आसन की जानकारी व उनका महत्व गैर संचारी रोग स्क्रीनिंग पत्र की जानकारी समेत उक्त सभी विषयों पर बिंदुवार जानकारी प्रशिक्षण में प्रदाय की गई है।

# इंजी. पवार द्वारा लिखित विज्ञशिल्पी विश्वेश्वरैया कृति का लोकार्पण



**जबलपुर।** आधुनिक भारत के शिल्पकार भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के व्यक्तित्व व कृतित्व पर कन्नड और अंग्रेजी में प्रचुर लेखन है,परंतु हिन्दी में बहुत ही कम है। इस कमी को पूरा करते जबलपुर के इं. सुरेन्द्र सिँह पंवार की पुस्तक विज्ञ शिल्पी विश्वेश्वरैया का लोकार्पण होटल रायल आर्बिट,जबलपुर में आयोजित 38 वें इंडियन इंजीनियरिंग कांग्रेस में नेशनल प्रेसीडेंट इं. शिवानंद रॉय के कर-कमलों से संपन्न हुआ।

40 वर्षों तक विश्व भर में सर विश्वेश्वरैया की संरचनाओं का सूक्ष्मता से अध्ययन कर श्री पंवार ने इस कृति की रचना की हैद्य

श्री पवार के इस प्रयास की कांग्रेस में भागीदारी कर रहे सभी वैज्ञानिकों, इंजिनियरों और विशेषज्ञों ने सराहना की है। इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) लोकल सेंटर जबलपुर के डॉ राजीव जैन, संजय कुमार मेहता, हितेश तिवारी, शशिकांत ओझा,संजीव वर्मा सलिल, राजेश ठाकुर, मनीष वाजपेई, वासुदेव आहूजा, अजेन्द्र सक्सेना, रमाशंकर खरे और पी. के.जैन ने हिंदी में इस तरह की पहली कृति का स्वागत करते हुए श्री पंवार को बधाई दी है।

### समग्र आईडी के लिए आधार ई-केवायसी अनिवार्य

**रायसेन ।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजना में संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है।

# जिंदगी खुद समाधान सिखाती हैः डॉ. मेहता

**गंजबासौदा।** एन.एस.एस की एक-एक गतिविधि स्वयं सेवक का निर्माण करती है। शहर के स्वयं सेवक राजपथ परेड तक पहुंचे है। कृषि महाविद्यालय के दीपेश अहिरवार, एल.बी.एस की शिवानी जायसवाल को एन.एस.एस के माध्यम से राष्टपति पदक तक मिला है। एन.एस.एस में नियम और नैतिकता होती है। शिविर की एक आचार संहिता होती है। इसलिए निश्चित गतिविधियां होनी चाहिए। बौद्धिक सत्र के नियम, ध्येय हों। स्वयं सेवक वर्ष भर की गतिविधियों की स्पेशल फाइल बनाएं तो वे आगे तक जा सकते हैं।

यह बात सैण्ट एस.आर.एस हायर सेकेंडरी स्कूल के बालक बालिका इकाई के सात दिवसीय शिविर के बौद्धिक सत्र में कृषि महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं एन.एस.एस के जिला संगठक डॉश पी के जगा ने कही। इस अवसर पर एस.जी.एस कॉलेज के प्राचार्य डॉश मणि मोहन मेहता ने बताया कि कोई भी ट्रेनिंग हो, भारी होती है, धैर्य के साथ आगे चलने पर सीखते और आगे बढ़ते भी हैं। साथ काम करने की शिक्षा भी मिलती है। एन.एस.एस जीवन में एडजस्टमेंट करना सिखाता है। उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व विकास एक मिथक है। पर्सनालिटी डेव्लपमेंट कुछ नहीं होता है, जिंदगी खुद समाधान निकालना सिखाती है। अंग्रेजी भाषा को लेकर भी हमारे समाज में मिथक है। समाजसेवी सुनील पिंगले ने बताया कि ए.पी.जे अब्दुल कलाम हरिद्वार में साईंटिस्ट बनने गए थे, असफल होने पर आत्महत्या करने वाले थे किंतु संत शिवानंद ने उन से कहा कि तुम्हें ईश्वर ने अच्छे कार्य के लिए चुन रखा है और वे राष्टपति बने। एस.जी.एस के कार्यक्रम अधिकारी डा श्नरेंद्र कुमार ने बताया कि एन.एस.एस की स्थापना 24 सितम्बर 1969 को हुई और 1988 में एन.एस.एस को

स्कूल स्तर पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जोड़ा। इसमें सामाजिक चेतना और श्रम का सम्मान जोड़ा गया। आज हम श्रम का सम्मान नहीं कर पाते हैं। खुद श्रम करेंगे तभी सम्मान पा सकेंगे। 1985 में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के साथ स्वामी विवेकानंद को जोड़ा गया, ताकि युवा प्रेरित हो सकें। इस दौरान अनुभव कथन कृष्णकांत ने प्रस्तुत किया। संस्था के डायरेक्टर वरिष्ठ पत्रकार के.एस. यादव ने कहा कि कुछ किए बिना जय जयकार नहीं होती । हमारी संस्था से नेशनल खिलाड़ी निकल रहे हैं। हर साल मैरिट में चार छह बच्चे आते हैं। इस बार जो बच्चे प्रदेश में प्रथम स्थान बनाएंगेउन्हें एक लाख 21 हजार राशि भी प्रोत्साहन के रूप में दी जाएगी। प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने आभार व्यक्त किया। संचालन शिक्षक मयंक जैन ने माना।

# दत्त जयंती पर पालकी यात्रा निकाली हजारों भक्त हुए शामिल

पीथमपुर।

अखिल भारतीय श्री स्वामी समर्थ गुरुपीठ, श्रीक्षेत्र त्र्यम्बकेश्वर जिला नाशिक की शाखा पिथमपुर मे आज गुरुदेव भगवान दत्त की जयंती के उपलक्ष्य मे श्री स्वामी समर्थ महाराज मंदिर छत्रपति शिवाजी नगर से पालखी यात्रा निकाली गई। जिसमे अनेक सेवकरीओ मे दिगबंरा दिगबंरा श्री पादवल्लभ दिगंबरा, श्री स्वामी समर्थ जय जय स्वामी समर्थ से वीणा वादन करते हुए आनंदमय करते हुए मंदिर प्रागण से होते हुए शर्मा जलेबी की गली से शासकीय विधालय , छत्रपति शिवाजी नगर का भम्रण कर श्री स्वामी समर्थ मंदिर मे समापण किया गया।भक्तजनो ने जगह जगह पालखी का पुजन ओर फुलो से स्वागत किया गया।मंदिर मे महाराज से विश्व कल्याण, विश्व शांति की प्रार्थना की गई। फिर श्री करण



सिंह पंवार , श्री अमृत जी जैन, श्री जगदीश जी पाटिल, श्री संग्राम राजे भोसले, श्री जगदीश जी साहु, मान्यवर अतिथी को बालकृष्ण पाटिल, ओर नन्दलाल दुसाने द्वारा श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस शुभ अवसर पर श्री अशोक पटेल जी, बालकृष्ण प्रजापति जी, श्रीमति संध्या शर्मा, ज्योति पाटिल, उपस्थित थे। उसके बाद महा प्रसादी का भक्तजनो दी गई।

### एसडीएम द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान किया गया

**देवास।** वर्ष 2023 मे खातेगांव उपसंभाग मे विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों की सेवानिवृत्त के अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी श्री प्रवीण प्रजापति द्वारा समस्त कर्मचारियों को शाल-श्रीफल एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया । वरिष्ठ नागरिक सेवा जन कल्याण संस्था अध्यक्ष श्री जे.पी.एस. तोमर की अध्यक्षता में ए.यू.बेंक खातेगांव द्वारा प्रायोजित सम्मान समारोह में एक प्राध्यापक,दो कृषि अधिकारी,सहायक यंत्री (पी.एच.ई.), कम्पाउण्डर, विधुतकर्मी, 26शिक्षक एवं चतुर्थ श्रेणी सहित कुल 33 कर्मचारीयो को सम्मानित किया गया ।

# राम कथा व शतचंडी महायज्ञ के अनुष्ठान हेतु कलशयात्रा निकली

गंजबासौदा।

**वेदांत आश्रम में समायोजित होने वाले 15 दिवसीय श्री राम कथा व शतचंडी महायज्ञ के विशाल अनुष्ठान की निर्विघ्नता पूर्वक समाप्ति एवं समस्त देवताओं के आवाहन के संदर्भ में एक भव्य कलश यात्रा बड़े ही गाजे बाजे के साथ हितकारिणी धर्मशाला से निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में माताएं ,बहनें और बेटियां पीले वस्त्र में सुसज्जित कलशों के साथ मंगल गीत गाते हुए चल रही थी।**

कलश यात्रा में श्री गणेश की झांकी और उनके पीछे ध्वजों के साथ संत जगन्नाथ दास संस्कृत विद्यालय के ब्राह्मण बटुक आकर्षण के केंद्र प्रतीत हो रहे थे। घोड़े पर सवार संतों का सुशोभित करती हुई,



इस कलश यात्रा में विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।

वाराणसी व वृंदावन के कलाकारों ने श्रीराधा कृष्ण व शिव पार्वती के रूप में मधुर भजनों की स्वर लहरियों के बीच नृत्य करते हुए आकर्षण का केंद्र रहीं। भव्य एवं विशाल कलश यात्रा में ग्रामीण क्षेत्रों से आई संकीर्तन मंडलीय अपने आप में ही आध्यात्मिक वातावरण का सृजन कर रही थीं। कलश यात्रा में बुंदेलखंड व राजस्थान के कलाकारों ने भी अपने नृत्य में दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। कलश यात्रा का नगर में जगह-जगह फूल बरसा कर?उत्साह पूर्वक वेदांती महाराज का सम्मान किया कलश यात्रा के मध्य श्रीराम कथा के गायक व वेदांत आश्रम के संस्थापक श्रीमद् जगतगुरु अनंतानंद द्वाराचार्य स्वामी डॉ रामकमल दास वेदांतीजी महाराज एक सुसज्जित रथ में सवार होकर चल रहे थे। कलशयात्रा में नगर के व्यापारीगण व गणमान्य नागरिक गण पत्रकार अपने इस्ट मित्रों के साथ बड़ी संख्या में मौजूद रहें। पत्रकारों ने नगर के ख्याति नाम छायाकार राजू छाबड़ा के साथ वृंदावन होम्स परिसर में कलश यात्रा का आत्मीय स्वागत किया एवं राम कथा के गायक अनंतानंद संत डॉ रामकमल दास जी को पुष्पमाला अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष

### राम मंदिर को...

से जुड़ा हुआ है। इसलिए 'मन की बात' का 108वां एपिसोड मेरे लिए और खास हो गया है। पीएम मोदी ने देशवासियों को नए साल 2024 की शुभकामनाएं दी। वर्ष 2023 में भारत द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि भारत का इनोवेशन हब बनना, इस बात का प्रतीक है कि हम रुकने वाले नहीं हैं। 2015 में हम ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 81वें रैंक पर थे। आज हमारी रैंक 40 है। इस वर्ष भारत में फाइल होने वाले पेटेंट्स की संख्या ज्यादा रही है, जिसमें करीब 60 प्रतिशत डोमेस्टिक फंड के थे। भारत के प्रयास से 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाया गया। इससे इस क्षेत्र में काम करने वाले स्टार्टअप्स को बहुत सारे अवसर मिले हैं। प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य को लेकर भी देशवासियों को नसीहत देते हुए कहा कि फिजिकल हेल्थ को लेकर दिलचस्पी जिस तरह से बढ़ रही है, उससे इस क्षेत्र से जुड़े कोच और ट्रेनर्स की डिमांड भी बढ़ रही है। उन्होंने फिजिकल हेल्थ के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी जोर देने की नसीहत दी। आज भी कई लोग मुझे चंद्रयान-3 की सफलता के लिए संदेश भेजते रहे हैं। विशेषकर महिला वैज्ञानिकों की खूब तारीफ करते हैं। नाटू-नाटू ने ऑस्कर जीता को पूरा देश खुश हुआ। इस साल खेलों में भी हमारे एथलीटों ने बढ़िया प्रदर्शन किया। क्रिकेट वर्ल्ड कप में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कई खेलों में खिलाड़ियों की उपलब्धियों ने देश का मान बढ़ाया है। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारतीय क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर ने उन्हें बताया कि रेगुलर एक्सरसाइज और 7 घंटे की पूरी नींद शरीर के लिए बहुत जरूरी है और फिट रहने के लिए मदद करती है, इसके लिए अनुशासन और निरंतरता की जरुरत होगी। जब आपको इसका रिजल्ट मिलने लग जाएगा तो आप रोजाना खुद ही एक्सरसाइज करना शुरू कर दोगे, हरमनप्रीत ने शरीर के लिए बेहतर डाइट की भी बात की। मोदी ने कहा कि भारत के प्रयास से साल 2023 को इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स के रूप में मनाया गया। इससे इस क्षेत्र में काम करने स्टार्टअप्स को बहुत सारे अवसर मिले हैं। लखनऊ से शुरू हुए कीरोज फूड्स, प्रयागराज के ग्रांड मां मिलेट्स और ऑर्गेनिक इंडिया जैसे स्टार्टअप शामिल हैं।

### वो आजकल न्याय...

गुजरेगी। भाजपा नेता ने केन्द्रल और राज्य की डबल इंजन सरकार की विकास कार्यों की सराहना करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि मोदी - योगी भारत कैसे आगे बढ़े, इसकी बात करते हैं और लेकिन जब अखिलेश बात करते हैं, जब राहुल (राहुल गांधी) बात करते हैं तो एक ही बात करते हैं मैं और मेरा परिवार आबाद रहे, इससे ज्यादा उनकी कोई कल्पना नहीं है। अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव की चर्चा किये बिना भाजपा अध्यक्ष ने विपक्षी दलों के पर तंज कसते हुए कहा कि स्पर्धा सिर्फ खिलाड़ी की नहीं होती, स्पर्धा देश को आगे ले जाने वालों और रोकने वालों के बीच भी होती है। नड्डा ने कहा कि एक तरफ मोदी जी हैं जो देश को आगे बढ़ा रहे हैं और एक तरफ इंडिया गठबंधन है, इंडी एलायंस मोदी रोको, मोदी रोको कर रहा है और दूसरी तरफ मोदी जी हैं जो कह रहे हैं भारत को आगे ले चलो, आगे ले चलो। उन्होंने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि यह अंतर हमको समझना पड़ेगा। उनकी स्पार्धा है कि वो कितना पीछे जाएं और हमारी स्पर्धा है कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत को कितना आगे ले जाएं। नड्डा ने कहा कि यदि हम महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों को ताकतवर बनाते हैं तो विकसित भारत बनने से कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि जब हम विकसित भारत की कल्पना करते हैं तो युवा हो, महिला हो, गरीब हो, गांव से जुड़ा हो और हमारा किसान भाई हो, ये सब जब विकास की गति में अपने आपको शामिल करके आगे बढ़ते हैं तो भारत विकसित भारत बनेगा। इसीलिए प्रधानमंत्री जी ने बड़े स्पष्ट शब्दों में कहा कि मुझे चार ही जातियां दिखती हैं। उन्होंने कहा कि मोदी ने साफ कहा कि चार जातियां दिखती हैं- सबसे पहली जाति है महिला, दूसरी जाति है युवा, तीसरी किसान और चौथी गरीब की जाति है। यदि हम गरीबों को मजबूत करते हैं, उनको ताकत देते हैं, किसानों, महिलाओं और युवाओं को ताकत देते हैं तो हमें विकसित भारत बनने से कोई रोक नहीं सकता। यह कल्पना लेकर हम चलें हैं। नड्डा ने महिलाओं, गरीबों, किसानों और युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि ये (योजनाएं) इनको ताकत देती हैं और तस्वीर व तकदीर बदलती हैं।

### भारतीय नौसेना ने...

विस्तृत निरीक्षण किया। वाणिज्यिक जहाजों पर हाल के हमलों के मद्देनजर, नौसेना ने क्षेत्र में अपनी प्रतिरोधक उपस्थिति बनाए रखने के लिए युद्धपोत आईएनएस मोर्मुगाओ, आईएनएस कोच्चि और आईएनएस कोलकाता को तैनात किया है। नौसेना अधिकारियों ने कहा कि लंबी दूरी के समुद्री टोही विमान पी8आई को भी लगाया गया है। अधिकारी ने बताया कि अरब सागर में वाणिज्यिक जहाजों पर बढ़ते हमलों के मद्देनजर क्षेत्र में तीन निर्देशित मिसाइल विध्वंसक तैनात किए गए हैं।अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने कहा था कि एमवी केम प्लूटो ईरान की ओर से छोड़े गए ड्रोन हमले की चपेट में आया था। भारतीय समुद्री तट से लगभग 700 समुद्री मील दूर एमवी रुएन पर डकैती और पोरबंदर से लगभग 220 समुद्री मील दक्षिण पश्चिम में एमवी केम प्लूटो पर हाल ही में हुआ ड्रोन हमला भारतीय विशेष आर्थिक क्षेत्र के करीब समुद्र में सुरक्षा घटनाओं के परिदृश्य में बदलाव का प्रमाण है। नौसेना ने इन घटनाओं के जवाब में मध्य एवं उत्तरी अरब सागर में समुद्री निगरानी के प्रयासों में काफी वृद्धि की है और नौसैनिकों की तैनाती की संख्या में भी वृद्धि की है।

समुद्री सुरक्षा अभियान चलाने और किसी भी घटना की स्थिति में व्यापारिक जहाजों को सहायता प्रदान करने के लिए विध्वंसक और फ्रिगेट वाले कार्य समूहों को तैनात किया गया है। संपूर्ण समुद्री डोमेन जागरूकता के लिए लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमानों और हवाई निगरानी को बढ़ाया गया है। विशेष आर्थिक क्षेत्र की प्रभावी निगरानी के लिए नौसेना तटरक्षक बल के साथ भी समन्वय को और बढा रही है। राष्ट्रीय समुद्री एजेंसियों के समन्वय से नौसेना द्वारा समग्र स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। नौसेना क्षेत्र में व्यापारिक जहाजरानी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में कहा था कि समुद्री क्षेत्र में बढ रही हलचल के मद्देनजर भारत समुद्र में हितों की रक्षा के लिए प्रयासों को बढायेगा तथा हाल के हमलों में शामिल लोगों का पता लगाया जायेगा।